तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, गुरुवार 3 अप्रैल 2025

[ बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़ ]

13 सांकरा ज में हायर सेकंडरी स्कूल भवन जर्जर राशि स्वीकृत ...



14 राज्यपाल ने पीएम आवास का किया अवलोकन...






## नवरात्रि विशेष



### षष्ठमः कात्यायनी

मां भगवती का छठा रूप कात्यायनी का है। छठे नवरात्रि को मां की इसी स्वरूप की पूजा होती है। ऐसा विश्वास है कि कात्यायनी के गोत्र में महर्षि कात्यायन हुए थे। उनकी इच्छा थी कि मां भगवती उनके घर पुत्री रूप में जन्म लें। उन्हेंने कठोर तप किया। भगवती ने उनकी प्रार्थना स्वीकार कर उनके घर पुत्री रूप में जन्म लिया। इसलिए उनका नाम कात्यायनी पड़ा। यह भी माना जाता है। कि जब पृथ्वी पर महिषासुर के अत्याचार बहुत बढ़ गए, तब भगवान ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों ने अपने - अपने तेज का अंश देकर महिषासुर के विनाश के लिए एक देवी को उत्पन्न किया। महर्षि कात्यायन ने सबसे पहले इनकी पूजा की। इस कारण से भी यह कात्यायनी कहलाई। ऐसी भी कथा है कि भगवती महर्षि कात्यायन के घर पुत्री रूप में जन्मी थी। आश्विन कृष्ण चतुर्दशी को जन्म लेकर शुक्ल सप्तमी, अष्टमी और नवमी तक तीन दिन इन्होंने कात्यायन की पूजा ग्रहण कर दशमी को महिषुसर का वध किया था। ऐसी भी कथा है कि कृष्ण को पति रूप में पाने के लिए गोपियों ने कालिंदी-यमुना के तट पर कात्यायनी मां पूजा की थी। यह ब्रजमंडल की अधिष्ठात्री देवी के रूप में प्रतिष्ठित है। कात्यायनी प्रकृति की क्रियात्मक शक्ति है जो मन का तत्वात्मक रूप से संचालन करती है। इनकी आठ भुजाएं हैं। इनका वर्ण स्वर्ण समान है। इनकी पूजा से भक्त इनके पास रहकर परमपद प्राप्त करता है।भगवती कात्यायनी की आराधना का श्लोक है- चंदहासोज्ज्वलकरा शार्दूलवरवाहना।

## खबर संक्षेप

### नवकार महामंत्र का जाप 9 को

**बालोद**। विश्व के 108 देशों में 9 अप्रैल को नवकार महामंत्र का जाप एक साथ एक ही समय पर किया जाएगा। संस्था के मार्गदर्शन में यह वृहद आयोजन किया जा रहा है। यह आध्यात्मिक आयोजन के साथ ही विश्व शांति, आध्यात्मिक शक्ति एवम धर्म की विशेषता को प्रदर्शित करने वाला एक आयोजन है जिसमें विश्व भर के 108 देश हिस्सा लेंगे तथा लगभग 6000 स्थानों से इसका लाइव प्रसारण होगा। सम्भव नाथ जैन मंदिर के सचिव रूपचंद गोलछा ने बताया कि इस परिप्रेक्ष्य में बालोद के महावीर भवन में यह आयोजन रखा ▸▸| शेष पेज 12 पर

## बालोद जिले के प्रवास के दौरान संयुक्त जिला कार्यालय में ली अधिकारियों की बैठक

# राज्यपाल रमेन डेका ने जिले में नशा और बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर जताई चिंता

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

राज्यपाल रमेन डेका ने बालोद जिले के प्रवास के दौरान संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में जिले के प्रशासनिक अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में राज्यपाल द्वारा जिले में जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए चलाए जा रहे जल जतन अभियान अंतर्गत प्रकाशित जल जतन पुस्तिका का विमोचन भी किया। इस दौरान उन्होंने जिले में चलाए जा रहे जल जतन अभियान, पौध रोपण एवं पर्यावरण संवर्धन तथा जैविक खेती को प्रोत्साहन देने के लिए किए जा रहे कार्य, स्वच्छ भारत मिशन सहित पुलिस, वन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, यातायात, स्वास्थ्य, शिक्षा, आदिम जाति कल्याण, नगरीय प्रशासन, सहकारिता आदि विभागों के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। डेका ने जिले में सड़क दुर्घटना की रोकथाम एवं शराब तथा अन्य मादक पदार्थों का अवैध परिवहन एवं बिक्री की ▸▸| शेष पेज 12 पर

- बैठक में दुर्घटनाओं के रोकथाम के लिए प्रभावी उपाय सुनिश्चित करने के दिए निर्देश



### स्वास्थ्य सुविधाओं की ली जानकारी

राज्यपाल डेका ने स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से जिले में टी.बी. उन्मूलन अभियान के कार्यों के संबंध जानकारी ली। इसके अंतर्गत उन्होंने वर्तमान में जिले में टी.बी. के कुल मरीजों की संख्या एवं उनके समुचित इलाज की व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। श्री डेका ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को टी.बी. के मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के अलावा इसके रोकथाम हेतु मरीजों का कांउसलिंग कराने के निर्देश दिए। राज्यपाल ने टी.बी. के मरीजों को अनिवार्य रूप से पोषण किट उपलब्ध कराने तथा इस कार्य में सामाजिक संगठनों, उद्योगपतियों, अधिकारी–कर्मचारी आदि की भी भागीदारी सुनिश्चित कराने को कहा। इस दौरान उन्होंने जिले में रेडक्रॉस सोसायटी की गतिविधि की भी समीक्षा की। डेका ने जिले में रेडक्रॉस की सदस्यता बढ़ाने हेतु जरूरी उपाय सुनिश्चित करने को कहा। जिले में चल रहे पौध रोपण अभियान की समीक्षा करते हुए सभी शासकीय संस्थानों, स्कूल, कॉलेज आदि में समुचित मात्रा में पौध रोपण कराने के निर्देश दिए।

### जैविक खेती पर जोर

बैठक में डेका ने जिले में जैविक खेती को बढ़ावा देने हेतु किए जा रहे कार्यों की भी समीक्षा की। शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करने तथा अन्य शैक्षणिक क्रियाकलापों के संबंध में जानकारी ली। राज्यपाल डेका ने एनसीसी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए एनसीसी में अधिक से अधिक विद्यार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित कराने को कहा। इसके अलावा उन्होंने राष्ट्रीय एवं सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु किए जा रहे उपायों की भी समीक्षा की। नगरीय निकाय विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए विभिन्न आजीविकामूलक कार्यों के माध्यम से महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने हेतु किए जा रहे कार्यों की संबंध में जानकारी ली।

# नाबालिग को भगाकर ले जाने का आरोप, युवक जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद/डौंडीलोहारा

नाबालिग बालिका को शादी का प्रलोभन देकर भगा ले जाने के आरोपी नरेश साहू को जेल भेजा गया। डौण्डी लोहारा पुलिस ने जम्मू कश्मीर से अपहृत बालिका को बारमद किया। थाना डौण्डीलोहारा में धारा 137 (2), जोडने धारा 87, 64 (2) (एम) बीएनएस 4, 6 पाक्सो एक्ट के तहत अपराध कायम कर विवेचना की जा रही है।

प्रकरण में जम्मू कश्मीर में नाबालिग बालिका का पता तलाश कर अपहृत बालिका को आरोपी से बरामद कर वापस सुरक्षित थाना डौण्डीलोहारा लाया गया। मामले में प्रार्थी द्वारा थाना डौण्डीलोहारा में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनकी नाबालिग लड़की 25 जनवरी 2025 को परीक्षा दिलाने सुबह 07 बजे घर से निकली थी। अपना पेपर दिलाकर करीबन 10.30 बजे स्कूल से निकली और अपनी छोटी बहन को पेन देकर मैं बाहर जा रही हूं कहकर पैदल कहीं चली गई थी, जो ▸▸| शेष पेज 12 पर



- डौंडीलोहारा पुलिस ने आरोपी को जम्मू कश्मीर से किया गिरफ्तार

## नाबालिग को भगाकर ले गया, आरोपी जेल दाखिल

**बालोद/डौंडीलोहारा।** नाबालिग बालिका को शादी का प्रलोभन देकर भगा ले जाने के आरोपी अंशु कुमार दिनकर को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। डौण्डी लोहारा पुलिस ने अपहृत बालिका को ग्राम चुरतेला थाना पांमगढ़, जिला–जांजगीर चांपा (छत्तीसगढ़) से बरामद किया। मामले में प्रार्थी ने थाना डौण्डीलोहारा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी उसकी नाबालिग लड़की 28 मार्च 2025 को सुबह करीबन 10 बजे घर में अपने दादी को शादी कार्यक्रम में जा रही हूं कहकर घर से निकली थी, जो देर रात तक नहीं लौटी। इस पर किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा भगाकर ले जाने की आशंका है। इस पर थाना डौण्डीलोहारा में गुम इंसान पर से धारा–137 (2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान सायबर सेल से तकनीकी सहायता से मोबाइल लोकेशन के आधार पर ग्राम चुरतेला ▸▸| शेष पेज 12 पर



# माइंस की गाड़ियों के कारण उड़ने वाली धूल से नागरिक परेशान, किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दल्लीराजहरा



महत्वपूर्ण सामाजिक और स्वास्थ्य से जुड़ी समस्या को लेकर दल्लीराजहरा के वार्ड 10 के नागरिकों ने बुधवार को चक्काजाम कर दिया। माइंस से उठने वाली धूल से वार्ड के निवासियों को न केवल असुविधा हो रही है, बल्कि यह उनके स्वास्थ्य पर भी गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। वहीं, चक्काजाम व धरना-प्रदर्शन के दौरान पहुंचे बीएसपी प्रबंधन और माइंस अधिकारियों ने पानी छिड़काव का आश्वासन दिया। वहीं, नागरिकों ने कहा कि पानी छिड़काव तात्कालिक समाधान हो सकता है, लेकिन यदि समस्या दोबारा उत्पन्न हुई, तो वे बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन करेंगे। इसके अलावा, बेरोजगार युवाओं को माइंस में रोजगार देने की मांग भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे दोहरी समस्या हल हो सकती है। एक तो स्वास्थ्य पर प्रभाव कम होगा और दूसरा युवाओं को आजीविका का साधन मिलेगा।

चक्काजाक के लिए बैठे नागरिकों ने बताया कि महामाया माइंस, दुलकी माइंस एवं कलवर माइंस द्वारा सुबह से शाम तक लगातार करीब 250 से ज्यादा गाड़ियों की आवाजाही वार्ड 10 के किनारे रोड से होकर होती है। उनका कहना है कि माइंस बंकर से होते हुए लगातार गाड़ियों के चलने से माइंस की लाल धूल उड़कर पूरे वार्ड में फैल जाती है। इसके कारण घर की छत, वार्ड के कुएं और घरों के बाहर अत्यधिक धूल उड़ने से वार्डवासी परेशान हैं। इसलिए इसके समाधान की मांग को लेकर वार्डवासियों ने चक्काजाम कर दिया। चक्का जाम के समय गुस्साए वार्ड वासियों को समझाने के लिए बीएसपी के अधिकारी, लेबर ऑफिसर और तीनों माइंस के सुपर वाइजर धरना स्थल पहुंचे और आश्वसन दिया कि, रोड पर निरंतर पानी डलवाते रहेंगे ताकि धूल की समस्या दूर हो सके।

इस तरह गुस्साए वार्डवासियों को आश्वासन दिया गया। वार्डवासी राहुल शर्मा ने कहा कि अगर गाड़ियों के चलने से वार्ड वासियों को दोबारा धूल से परेशानी हुई, तो व्यापक पैमाने पर चक्काजाम किया जाएगा। उस समय 24 घंटे से अधिक समय तक गाड़ियों की आवाजाही रोक दी जाएगी। उससे जो भी नुकसान होगा उसका जवाबदारी स्वयं बीएसपी प्रबंधन होगा। राहुल शर्मा ने ये भी कहा कि तीनों माइंस के धूल से ग्रसित बेरोजगार युवाओं को रोजगार दें। जिससे धूल से होने वाले बीमारी जैसे अस्थमा, दमा, एलर्जी माइंस से निकलने वाला हानिकारक धूल जो नाक से होते ▸▸| शेष पेज 12 पर

## सुबह केवल थोड़ी देर के लिए ही आता है नल से जल

# गुंडरदेही के वार्ड 12 व 13 में गहराया पेयजल संकट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

गुण्डरदेही नगर के कई वार्डों के वार्डवासियों को गर्मी के साथ ही पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। वार्डवासियों को पानी के लिए टैंकर या अन्य माध्यमों पर निर्भर रहना पड़ रहा है।

- पानी के लिए टैंकर पर निर्भर हैं लोग

वार्ड 12 एवं 13 के वार्डवासियों ने बताया कि सुबह उठते ही सबसे पहली जरूरत पानी की ही होती है। निस्तारी से लेकर खाना बनाने व पीने के लिए पानी की जरूरत पूरी करने हमें घर के सभी काम छोड़कर प्रातः सबसे पहले पानी की ही व्यवस्था में लगना पड़ता है, ताकि दिनभर के अन्य काम आसानी से हो सकें। पानी के लिए अपने काम व रोजी मजदूरी में जाने के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वहीं हम सिर्फ पीने के पानी की व्यवस्था होने के बाद पास के तालाबों में नहाने के लिए जाते हैं, ताकि घर का पानी खत्म न हो जाए।




वार्डवासियों ने बताया उनके वार्ड में केवल सुबह थोड़ी देर के लिए ही पानी दिया जाता है। लेकिन, नल की धार इतनी पतली होती है, कि आधे घंटे में भी एक बाल्टी नहीं भर पाता। वहीं, शाम को पानी नहीं दिया जाता। सुबह थोड़े समय के लिए ही मिलने वाले पानी से कैसे दिनभर की दिनचर्या कैसे पूर्ण करें, यह सोचने वाली बात है। वहीं, नलों से पर्याप्त पानी नहीं मिलने के कारण वार्ड में अन्य लोगों के घरों में या स्कूल के निजी बोर से पानी लाना पड़ता है। या कहीं और जगह से पानी की व्यवस्था करनी पड़ती है।



# वित्तीय वर्ष की शुरुआत, निदेशक प्रभारी ने कार्मिकों का बढ़ाया हौसला

## बीएसपी के सभी विभागों में हुआ रिकार्ड उत्पादन, सिंटर, बीएफ व एसएमएस के पिछले कीर्तिमान टूटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र ने पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान कई क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ निष्पादन, कुछ क्षेत्रों में मार्च माह का श्रेष्ठ निष्पादन और कुछ अन्य क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ वार्षिक निष्पादन बेहतर उपलब्धी दर्ज किया है। निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता के नेतृत्व में आज 1 अप्रैल 2025 को विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों से मुलाकात कर उनका हौसला बढ़ाया। सभी ईडी व वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

इस्पात भवन स्थित निदेशक प्रभारी सभागार में सभी ईडी की मौजूदगी में सेल अध्यक्ष और सेल के निदेषकों के साथ विडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से बैठक में भाग लिया। बैठक के बाद सभी सिंटर भवन पहुंचे, वहां सिंटर प्लांट, ओएचपी, एलडीसीपी बिरादरी के सदस्यों से मुलाकात की और उनको शुभकामनाएं दी। इसके बाद कोक ओवन के सदस्यों के साथ वेलफेयर बिल्डिंग-4, प्लेट मिल, स्टील मेल्टिंग शॉप-2, आरईडी, एसआरएम के सदस्यों के साथ वेलफेयर बिल्डिंग-26 में, सेवाएं व सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग के सदस्यों से संयंत्र भवन में, ब्लास्ट फर्नेस, पी एंड बीएस विभाग, पर्यावरण प्रबंधन विभाग, आई एंड ए विभाग के सदस्यों से वेलफेयर बिल्डिंग-8 में, स्टील मेल्टिंग शॉप-3 एवं आरसीएल विभाग बिरादरी के सदस्यों से वेलफेयर बिल्डिंग-05 में, रखरखाव एवं उपयोगिताएँ विभाग व सीपीएस के सदस्यों से वेलफेयर बिल्डिंग-02 तथा यूनिवर्सल रेल मिल, रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल और आरटीएस विभाग, मर्चेंट एंड वायर रॉड मिल, बार एंड रॉड मिल के सदस्यों के साथ मुलाकात की और उन्हें बीते वित्त वर्ष के श्रेष्ठ निष्पादन के लिए बधाई दी। श्री दासगुप्ता ने कहा कि सभी को और बेहतर प्रदर्शन करने की आवश्यकता है। हम प्रतिस्पर्धा में तभी बने रहे पाएंगे, जब हम अपने में निरंतर सुधार कर पाएंगे। संयंत्र भ्रमण के दौरान राकेश कुमार, कार्यपालक निदेशक एके चक्रवर्ती, पवन कुमार, बिपिन कुमार गिरी, प्रवीण निगम, डां. एम रवींद्रनाथ, अरुण कुमार सहित सीजीएम प्रभारी, मुख्य महाप्रबंधक उपस्थित थे।

### माडेक्स इकाइयों का कीर्तिमान

भिलाई इस्पात संयंत्र ने तकनीकी आर्थिक सूचकांकों के साथ उत्पादन के लगभग सभी क्षेत्रों में श्रेष्ठ निष्पादन करते हुए रिकॉर्ड उत्पादन दर्ज किया है। ओर हैंडलिंग प्लांट , सिंटर प्लांट, ब्लास्ट फर्नेस-8 से हॉट मेटल का उत्पादन, एसएमएस-3 से ब्लूम उत्पादन के साथ तकनीकी सूचकांक के क्षेत्र में ब्लास्ट फर्नेस उत्पादकता और कुल मेटलिक चार्ज में निष्पादन दर्ज करते हुए अब तक का सर्वश्रेष्ठ मासिक कीर्तिमान बनाया है। सिंटर प्लांट-3, एसएमएस-3, प्लेट मिल और तकनीकी सूचकांक के क्षेत्र के कई बिन्दुओं पर सर्वश्रेष्ठ मार्च माह का रिकॉर्ड दर्ज कराया है। ओर हैंडलिंग प्लांट ने कुल 21,30,919 टन मटेरियल हैडलिंग करते हुए मार्च 2024 के 20,97,476 टन के पिछले रिकार्ड को तोड़ अब तक का सर्वश्रेष्ठ कीर्तिमान दर्ज किया है। सिंटर प्लांट ने कुल 7,96,304 टन सिंटर उत्पादन कर जनवरी 2024 में दर्ज 7,90,112 टन के रिकॉर्ड को ध्वस्त किया। संयंत्र के ब्लास्ट फर्नेस-8 ने बीते वित्त वर्ष में अनेक उपलब्धियां दर्ज की है। एसएसएस-3 ने 1,33,454 टन ब्लूम उत्पादन करते हुए मार्च 2023 के 1,28,487 टन के पुराने रिकॉर्ड को पार किया है।



### सर्वश्रेष्ठ मार्च माह

सिंटर प्लांट-3 ने वित्त वर्ष 2024-25 के अन्तिम महीने मार्च 2025 में 5,46,870 टन सिंटर का उत्पादन दर्ज करते हुए मार्च 2023 के 5,38,095 टन को पीछे छोड़ दिया है। इसी तरह स्टील मेल्टिंग शॉप-3 ने कास्ट स्टील के उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। एसएमएस-3 ने 3,27,408 टन उत्पादन किया, जो मार्च 2024 के 3,19,259 टन से अधिक है। संयंत्र की प्लेट मिल ने भी पूरे मनोवेग से 34,707 टन हाई टेंसाइल प्लेटों का उत्पादन किया है जो मार्च 2024 के 33,226 टन से अधिक है। इसी तरह तकनीकी सूचकांकों में ब्लास्ट फर्नेस-6 की सीडीआई रेट, ब्लास्ट फर्नेस 1 से 8 तक का कोक दर, एसएमएस-3 का कुल मेटलिक चार्ज और श्रम उत्पादकता में अब तक का सर्वश्रेष्ठ मार्च महीना दर्ज किया है।

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में ट्रैफिक प्रधान आरक्षक की मौत

**भिलाई।** सड़क हादसे में ट्रैफिक पुलिस के प्रधान आरक्षक की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। नंदिनी पुलिस ने बताया कि ग्राम रवेलीडीह में सोमवार की शाम बेमेतरा पुलिस ट्रैफिक में पदस्थ ट्रैफिक प्रधान आरक्षक दुष्यंत ठाकुर की सड़क हादसे में मौत हो गई। प्रधान आरक्षक दुष्यंत ठाकुर बेमेतरा से बालोद जा रहा था। बालोद में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के दौरे को लेकर मृतक की की डयूटी लगाई गई थी। जिसके लिए वह बेमेतरा से अपने सरकारी दो पहिया वाहन सीजी 03- 7980 से बालोद जा रहा था। ग्राम रवेलीडीह में अज्ञात कार ने बाइक को ठोकर मार दी। जिससे प्रधान आरक्षक को गंभीर रुप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए शंकराचार्य अस्पताल जुनवानी भर्ती कराया गया। जहां कर्मी ने दम तोड़ दिया।

### गांजा तस्कर महिला पुरुष गिरफ्तार

**भिलाई।** गांजा बेचते पुलिस ने महिला और पुरुष को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर आंध्रा. स्कूल के पास वृंदा नगर पुरुष और महिला गांजा बेच रहे थे। प्रभारी वैशाली पुलिस ने दोनो को दबिश देकर गिरफ्तार किया। पूछताछ करने पर अपना नाम कैम्प-1 पी. वेंकट राव और कैम्प-1, 18 नंबर रोड़ स्टील नगर एन. पूजा बताया। आरोपी पी वेंकट के एक नीले रंग के प्लास्टिक में 50 नग पेपर की पुड़िया में गांजा और खुला गांजा वजन करीब 518 ग्राम,बिक्री रकम 3 हजार रुपए मिला। महिला एन.पूजा के कब्जे से 35 नग छोटा पैकेट, खुला गांजा कुल 1.258 किलो ग्राम जब्त किया।

### एसएमएस-3 सातवीं वर्षगांठ मनी



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के स्टील मेल्टिंग शॉप-3 (एसएमएस-3) बिरादरी ने स्थापना दिवस की सातवीं वर्षगांठ का उत्सव मनाया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष एवं मुख्य महाप्रबंधक प्रमोद कुमार सहित अन्य अनुभाग प्रमुख, वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। एसएमएस-3 ने 660 दिनों में 1 मिलियन टन इस्पात उत्पादन हासिल किया था। टीम एसएसमएस-3 ने उत्पादन में आने वाली चुनौतियों को अपने मेहनत, लगन और अथक प्रयास से दूर किया। मिल बिरादरी को टीमवर्क से 96 दिन में 1 मिलियन टन स्टील उत्पादन की सफलता प्राप्त हुई है। मुख्य महाप्रबंधक प्रमोद कुमार ने उत्पादन रिकॉर्ड को और बेहतर बनाने का विष्वास व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि एसएमएस-3 की प्रतिबद्ध टीम 1 मिलियन टन इस्पात उत्पादन की समय-सीमा को 85 दिन करने की दिशा में सक्रिय रूप से प्रयासरत है तथा निकट भविष्य में अपने इस लक्ष्य को अवष्य प्राप्त कर लेगी। एसएमएस-3 बिरादरी के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सभी अधिकारियों, कर्मचारियों तथा ठेका श्रमिकों को प्रोत्साहन स्वरूप टी-शर्ट एवं महिला कर्मचारियों को एप्रॉन प्रदान किया गया।

## विडंबना: न्यूनतम वेतन और सामाजिक सुरक्षा के लिए मोहताज

# भिलाई संयंत्र में निरंतर कम हो रहे रेगुलर कर्मचारी, ठेका मजदूरों पर बढ़ रही निर्भरता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेल के सिरमौर भिलाई इस्पात संयंत्र में निरंतर रेगुलर मेन पावर का ग्राफ गिरने के साथ ही ठेका मजदूरों पर प्रबंधन की निर्भरता बढ़ती जा रही है। इसके साथ ही वर्क लोड भी बढ़ रही है। लेकिन हजारों श्रमिकों को वेतन और सुविधाएं को लेकर स्थानीय और उच्च प्रबंधन उदासीन बना हुआ है। इससे इस तबके में असंतोष बढ़ रहा है। यूनियनों ने जल्द मजदूरों की लंबित समस्याओं के निदान नही होने पर कड़े कदम उठाने की चेतावनी दी है। बीएसपी में करीबन बीस हजार ठेका मजदूर काम करते हैं। पूरे सेल में इनकी तादाद एक लाख से ऊपर है। सेल सहित बीएसपी के उत्पादन, मेंटेनेंस, हाउसकीपिंग आदि कामकाज में अहम योगदान है। एक मिलियन टन से पांच मिलियन टन उत्पादन के कीर्तिमानी योगदान नियमित कर्मियों से कमतर नही होने के बाद भी वेतन,भत्ते, सामाजिक सुरक्षा आदि सुविधाओं के मामले में मजदूर उपेक्षित है। यूनियनों के मुताबिक रेगुलर मेन पावर कम होने के साथ ठेका मजदूरों की संख्या और उन पर दबाव बढ़ रहा है। लेकिन मजदूरों के हितों को लेकर प्रबंधन, सरकार और श्रम विभाग उदासीन हैं। एटक के महासचिव विनोद कुमार सोनी बताते हैं कि चार साल पूर्व हुई एनजेसीएस बैठक में मजदूरों को वेतन समझौता करने की मांग पर सेल प्रबंधन ने आश्वासन दिया था। लेकिन अब तक परिणाम शिफर है। मजदूर मात्र पांच सात हजार वेतन में काम करने मजबूर है। कई बार आंदोलन करने के बाद भी ध्यान नही देने से असंतोष बढ़ रहा है। मजदूरों को एस-11 के बराबर वेतन की मांग की जा रही है।

### यूनियनों ने कहा जल्द लागू करें वेतन समझौता और दें बोनस



### सुरक्षा, मेडिकल व शिक्षा में भी योगदान

सैकड़ों ठेका मजदूर बीएसपी सेक्टर नौ हास्पिटल सहित स्कूलों आदि शिक्षा विभाग और सुरक्षा जैसे कार्यो में भी योगदान दे रहे हैं। प्लांट में सामान्य अनुभागों सहित जोखिम वाले फैक्ट्रियो में भी काम कर रहे हैं। वर्कलोड से दुर्घटनाओं में हताहत व मौतें भी हो रही हैं। लेकिन न्यूनत वेतन तो दूर सेफ्टी किट तक उन्हें ठेकेदार उपलब्ध नहीं करवा रहे हैं। यूनियने सालों से सुरक्षा की राशि ठेकेदारों से जमा करवाने की मांग कर रही हैं पर प्रबंधन ध्यान नहीं दे रहा है।

### अकुशल को ट्रेनिंग की दरकार

बीएसपी में कुछ बड़ी कंपनियों को छोड़कर अधिकतर मजदूरों को न्यूनतम वेतन सहित बोनस और भत्ते व सामाजिक सुरक्षा नहीं मिल रही है। विरोध करने पर गेट पास ठेकेदार छीन लेता है। ठेका श्रमिक यूनियन इंटक के अध्यक्ष संजय साहू बताते हैं कि मजदूरों की जीवन स्तर उठाने वेतन समझौता निर्धारण जरुरी है। इससे उन्हें परिवार चलाने लायक वेतन, बोनस और सुविधाएं मिलेंगी। कुशल, अर्धकुशल और अकुशल मजदूरों का न्यूनतम वेतन निर्धारित है। लेकिन सभी को नहीं मिल रहा है। यूनियन प्रयास कर रही है।

## मंदिरों के आसपास रखें सफाई



**राजनांदगांव।** साफ-सफाई का जायजा लेने नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा सुबह वार्ड विजिट कर रहे हैं। शनिवार को उन्होंने रेवाडीह, गंज मंडी, लखोली, कन्हारपुरी में साफ-सफाई देख जहां मंदिरों के आसपास विशेष सफाई के निर्देश दिए। वहीं गंज मंडी के व्यापारियों से चर्चा कर शहरी क्षेत्र से पकड़कर कांजी हाउस में रखे घुमंतू मवेशियो के खाद्य अपशिष्ट प्रदान करने पर चर्चा की।

आयुक्त विश्वकर्मा सुबह रेवाहीह कांजी हाउस का निरीक्षण कर मवेशियों के चारा-पानी की व्यवस्था सुचारू रूप से करने तथा मरम्मत करने प्रभारी को निर्देशित किया। गंज मंडी पहुंचकर उन्होंने थोक सब्जी विक्रेताओं से चर्चा कर कहा कि निगम सीमा क्षेत्र के चौक-चौराहों में बैठने व घूमने वाले पशुओं को दुर्घटना से बचाने रेवाहीह एवं कन्हारपुरी कांजी हाउस में रखते हैं, जहॉ उनके लिए दाना-पानी की व्यवस्था की जाती है।

उन्होंने कहा कि मंडी से निकलने वाले सब्जी, फल, खाद्य अपशिष्ट को यदि आप दोनों कांजी हाउस में भेजेंगे तो मवेशियों के लिए बड़ी मदद हो जाएगी। सब्जी विक्रेताओं ने आयुक्त को मदद करने सहमति दी। आयुक्त ने गंज मंडी के मुख्य द्वार के पास काम्प्लेक्स में सीमा से बाहर दुकान बनाने पर निर्माण रूकवाने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया।

### चारे का पर्याप्त भंडारण के निर्देश

लखोली दुर्गा चौक में सफाई देख हाजिरी रजिस्टर की जांच कर उपस्थिति देखकर कहा कि नवरात्रि को ध्यान में रखकर शीतला मंदिर तथा आसपास के वार्डो के सभी मंदिरों के परिसर की समुचित सफाई करने निर्देशित किया। कन्हारपुरी में साफ-सफाई देख ग्रामीण वार्ड को ध्यान में रखकर हर क्षेत्र में सफाई के निर्देश दिए। साथ ही कांजी हाउस का निरीक्षण कर साफ-सफाई रखने, चारे का पर्याप्त भंडारण रखने निर्देशित किया।

## संयुक्त यूनियन के प्रयास का नतीजा

**भिलाई।** 28 अक्टूबर 2024 की हड़ताल में शामिल युवा कर्मचारियों का 31 दिसंबर 2024 को मिलने वाला प्रमोशन रोक दिया गया था । इसका संयुक्त ट्रेड यूनियन ने कड़ा विरोध किया था एवं जल्द प्रमोशन देने की मांग की थी । प्रबंधन ने इनमें से 57 कर्मचारियों का प्रमोशन ऑर्डर दे दिया है। इनकी नोशनल सीनियरिटी 31 दिसंबर 2024 से ही दी गई है। संयुक्त ट्रेड यूनियन( बीएमए इंटक एटक सीटू एचएमएस एक्टू लोईमू एवं स्टील वर्कर्स यूनियन ) ने 28 अक्टूबर ,2024 की हड़ताल में विरोध कर संयुक्त यूनियन ने इन कर्मचारियों को निःशर्त प्रमोशन देने की मांग की थी । इसी मुद्दे पर संयुक्त ट्रेड यूनियन की कार्यपालक निदेशक पवन कुमार से 28 जनवरी को बैठक हुई थी जिसमें उन्होंने आश्वासन दिया था। क्वालिटी बेस्ड करियर ग्रोथ (क्यूबीसीजी) के आधार पर प्रमोशन रोके गए 57 कर्मचारियों को आज प्रमोशन दे दिया गया है । संयुक्त ट्रेड यूनियन की मांग के अनुरूप उनकी सीनियरिटी 31 अक्टूबर 2024 ही रखी गई है। बाकी बचे हुए कर्मचारियों को 30 जून 2025 को डीपीसी में प्रमोशन दिया जाएगा । संयुक्त ट्रेड यूनियन इसके लिए कार्यपालक निदेशक पवन कुमार एवं सीजीएम संदीप माथुर व इस प्रमोशन प्रक्रिया में शामिल पर्सनल विभाग के अधिकारियों का आभार व्यक्त किया है।

- हड़ताल के कारण रोका गया प्रमोशन बहाल किया गया

## अब नही सुनाई देगी हास्य कवि रामबरन कोरी की हजलगोई

**भिलाई।** भिलाई के वरिष्ठ साहित्यकार राबरन सिंह कोरी कशिश नहीं रहे। पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे श्री कोरी ने मंगलवार को स्पर्श हास्पिटल में आखिरी सांस ली। शहर की साहित्यिक बिरादरी ने उनके निधन को अपूर्णीय क्षति बताते हुए भावभानी श्रद्धांजलि दी है। चार दशक के दौरान एक कवि के रुप में स्व. कोरी की दिलचस्प कवितागोई और नेकदिली दोनों ही ट्विनसिटी और अंचल में होने वाली कवि गोष्ठियों, और कार्यक्रमों में चर्चा का विषय हुआ करती थी। उनका हजल पढ़ने का अंदाज जितना संजीदा था, कविताएं उतनी ही चुटीली थी। वे एक हजलकार (हास्य कवि) के रुप में चर्चित थे और भोपाल, दिल्ली, रायपुर व भुवनेश्वर आदि कई अभा कवि सम्मेलनों में भी शिरकत की। हास्य विनोद के साथ सामाजिक बुराईयों और देश के ज्वलंत मसलों पर सटीक मिसाइल दाग देने में माहिर थे। वे भले ही वे छोटे कद के थे लेकिन दूसरों की मदद के लिए सदैव हाथ बढ़ाना उनकी फितरत में था। डाक विभाग से रिटायर श्री कोरी ने अपनी सभी पारिवारिक जिम्मेदारी पूरी की। कविता के प्रति लगाव इतना कि बीमार रहते हुए भी लिखने की चाह बनी रही। श्री कोरी साहित्यकार के साथ फुटबाल और बालीवाल के रेफरी भी थे। साहित्यकार डां. नौशाद सिद्दीकी बताते हैं कि श्री कोरी गंभीर रचना और सहज व्यक्तित्व के मालिक थे। उनके जाना पीड़ादायी है। छग हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष रवि श्रीवास्तव बताते हैं कि रामबदन कोरी कवि गोष्ठियों में अपनी चुटीली हजल से माहौल बनाने में प्रमुख थे। स्व. कोरी अपने पीछे पत्नी ललिता, एक बेटा संदीप और बेटी शिल्पा प्रसाद सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। वे रामकुमार व रामाधार कोरी के भाई थे। उनकी अंतिम यात्रा बुधवार को सुबह 11 बजे निवास 2-डी, सड़क 16 सेक्टर 6 से रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी।



- अस्पताल में 71 वर्षीय कवि ने ली आखिरी सांस

## नाली के ऊपर अतिक्रमण, कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

निगम के अधिकारियों द्वारा वार्ड भ्रमण के दौरान पावर हाउस जवाहर मार्केट में देखा गया कि व्यापारियों द्वारा नाली के ऊपर अवैध कब्जा करके स्लैप से ढक दिया गया है। जिससे कर्मचारियों को नाली सफाई कार्य में परेशानी हो रही है। जिससे नालियों की ठीक ढंग से सफाई नहीं हो पाएगी। कचरा फंसा ही रहेगा व कचरा निकलेगा नहीं। वार्ड भ्रमण के दौरान अधिकारियों ने देखा कि राधा कृष्णा डेरी एवं डेली नीड्स द्वारा चोरी छिपे अवैध नल कनेक्शन लेकर के पूरा बर्तन सड़क पर साफ किया जा रहा था। होटल डेरी के लिए पानी भी लिया जा रहा था। बर्तन साफ करते हुए रोड को गंदा किया जा रहा था। गंदगी को भी नाली में डाला जा रहा था। जिसे बदबू फैल रहा था।

## ॐ नमो भगवते सदाशिवाय मंत्र से गुंजायमान हुआ ग्राम निकुम का वातावरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



तीर्थराज देवि निकुंभला राजलक्ष्मी मंदिर जय शक्ति आश्रम ग्राम निकुम में वीरभद्र महायज्ञ व प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन में प्रतिदिन सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक यज्ञाहुति दी जाती है। संत श्री माताजी के मार्गदर्शन में भक्तों ने ॐ नमो भगवते सदाशिवाय मंत्र जाप के साथ यज्ञ कुंड में आहुति दी। संत श्री माताजी ने अपने श्री मुख से भक्तों को वीरभद्र के स्वरूप का बखान किया। उन्होने बताया कि किस प्रकार भगवान शिव ने अपने अंशावतार वीरभद्र के क्रोध को शांत कराया। संत श्री माताजी ने बताया की सतयुग में माता पार्वती का सती होना, त्रेतायुग में माता सीता का धरती में समा जाना और द्वापर युग में द्रोपती का चीरहरन होना अर्थात् नारी शक्ति का जब-जब भी अपमान हुआ है युग परिवर्तन की ओर इंगित करता है। संत श्री माताजी ने आगे बताया कि घोर चिंता और चिंतन का विषय है कि आज वर्तमान में कलयुग में छोटी-छोटी बच्चियां जिस प्रकार फांसी के फंदे पर लटककर आत्म हत्या कर रही है यह बहुत ही गहरी संवेदना का विषय है। हम आधुनिकता की दौड़ में इतने अंधे हो गये हैं कि सच्चाई और बुराई का भेद को समझ नहीं पा रहे हैं अर्थात् सही मार्गदर्शन कहीं नहीं दिखता, अच्छा संस्कार ही सही मार्गदर्शन दिखा सकता है।

## पेज 11 के शेष

### राज्यपाल रमेन डेका ने जिले में नशा ...

रोकथाम के लिए किए जा रहे उपायों की भी समीक्षा की। राज्यपाल ने इस पर चिंता जाहिर करते हुए इसके रोकथाम हेतु पुलिस एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को प्रभावी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। डेका ने समाज कल्याण विभाग के उप संचालक को नशापान से ग्रसित लोगों को नशा से छुटकारा दिलाने हेतु किए जा रहे सुधारात्मक उपाय तथा जिले में चलाए जा रहे नशापान मुक्ति अभियान के संबंध में भी जानकारी ली।

बैठक में डेका ने असहाय, परित्यक्त एवं वृद्धजनों के सहायता हेतु किए जा रहे कार्य, जनजातीय एवं वनवासी क्षेत्रों में शिक्षा एवं चिकित्सा सुविधाओं का विकास एवं उन्हें मुख्य धाराओं में लाने का उपाय आदि की विस्तृत समीक्षा करते हुए इसके लिए जरूरी उपाय सुनिश्चित कराने को कहा। बैठक में दुर्ग पुलिस रेंज के आईजी रामगोपाल गर्ग, कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, राज्यपाल के उपसचिव हिना अमिनेश नेताम, पुलिस अधीक्षक एसआर भगत, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, वनमण्डलाधिकारी बीएस सरोटे, अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक, एडीशनल एसपी मोनिका ठाकुर एवं अशोक जोशी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

**पौधारोपण अभियान में सामुदायिक भागीदारी सुनिश्चित करें:** बैठक में राज्यपाल डेका ने बालोद जिले में पौधा रोपण एवं पर्यावरण संवर्धन के लिए किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को कम से कम एक पौधा लगाने को कहा। इस कार्य में उन्होंने सामुदायिक भागीदारी सुनिश्चित कराने को कहा। बैठक में डेका ने जिले में संचालित शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की वास्तविक स्थिति का पड़ताल करने हेतु सभी अधिकारी-कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से फील्ड विजिट कर आम जनता से योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में फीडबैक लेने को कहा। **भूजल स्तर में वृद्धि के लिए करें जरूरी उपाय :** डेका ने वनमण्डलाधिकारी को अपने साथ-साथ वन विभाग के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से जंगलों का निरीक्षण कराने तथा वास्तविक स्थिति का पड़ताल करने को कहा। जल संरक्षण के उपायों की समीक्षा करते हुए जिले में सरफेस वाटर की समुचित उपयोग हेतु किए जा रहे उपायों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने अमृत सरोवर के माध्यम से आसपास के भूजल स्तर में वृद्धि हेतु उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने विभिन्न शासकीय संस्थाओं एवं कार्यालयों के अलावा जिले के विभिन्न स्थानों पर रेनवाटर हार्वेस्टिंग का कार्य कराने को कहा।

### नाबालिग को भगाकर ...

शाम रात तक वापस नहीं आई। इस पर संदेह हुआ कि उनकी लड़की को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसला कर भगा ले गया है। मामला पंजीबद्ध करने के बाद विवेचना के दौरान प्रकरण के अपहता बालिका एवं आरोपी की पतासाजी के लिए संदेही के मोबाईल नंबर की कॉल डिटेल निकाली गई। लोकेशन जम्मू कश्मीर होने से एक टीम वहां भेजी गई। वहां काकू ईंटभट्ठा जोडिया थाना अखनूर जिला जम्मू (जम्मू कश्मीर) से आरोपी नरेश साहू के कब्जे से 29 मार्च 2025 को बालिका को बरामद कर थाना लाया गया। पूछताछ में नाबालिग लड़की ने बताया कि नरेश साहू उसे अपने साथ भगा ले गया और विवाह कर पत्नी बनाकर रखा। 27 से 28 जनवरी तक कई बार जबरदस्ती की। बालिका के बयान पर प्रकरण में धारा 87, 64 (2) (उ), 4, 6 पाक्सो एक्ट जोड़ी गई है। प्रकरण में अडभार थाना मालखरोदा जिला सक्ती निवासी आरोपी नरेश साहू पिता घनश्याम साहू 19 साल के विरूध्द अपराध दर्ज कर गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमाण्ड पर जिला जेल बालोद भेजा गया है।

### नाबालिग को भगाकर ले ...

थाना पामगढ़, जिला जांजगीर चांपा (छत्तीसगढ़) के संदेही अंशु कुमार दिनकर का पता चला। इस पर आरोपी अंशु कुमार दिनकर को उसके गांव ग्राम चुरतेला थाना पामगढ़ से गिरफ्तार कर थाना डौण्डीलोहारा लाकर प्रकरण में धारा-64 (2), 65 (1) बीएनएस, 4, 6 पाक्सो एक्ट जोड़ी गई है। प्रकरण सदर में आरोपी अंशु कुमार दिनकर पिता तेरसराम दिनकर को ज्युडिशियल रिमांड पर जेल भेजा गया।

### माइंस की गाड़ियों के ...

हुए श्वास नली के जरिए शरीर के अंदर जाता है। जिससे लोगों को बच्चों एवं बूढों व वार्ड वासियों पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ सकता है। इससे लोगों एक तरह से स्वास्थ्य बीमारी से सुलझना पड़ सकता है। इन सारी समस्या को देखते हुए वार्ड 10 के बेरोजगार युवाओं को माइंस के अंदर रोजगार प्रदान किया जाए। इस अवसर पर वार्ड के सभी महिलाएं और बुजुर्ग व्यक्ति चक्का जाम करने पर अपना समर्थन दिया।

### नवकार महामंत्र ...

गया है। जिसका समय सुबह 8.1 से 9 36 तक होगा। जैन श्री संघ के अध्यक्ष डॉ प्रदीप जैन ने बताया कि नवकार मंत्र का जाप विश्व शांति एवम सदभाव के लिये किया जा रहा है। इस मंत्र का भावार्थ किसी एक धर्म के लिए नहीं बल्कि यूनिवर्सल है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस पावन दिवस पर दिल्ली के विज्ञान भवन में उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता करेंगे। इस अवसर पर नवकार जाप के प्रेरक रहे स्व मदनलाल बाफना की स्मृति में उनके परिजनों ने सभी श्रद्धालुओं के लिए जलपान एवं सामयिक उपकरण प्रदान करने की घोषणा की है।

## खबर संक्षेप

### राज्यपाल से मिले जनप्रतिनिधि, दी नवरात्रि की शुभकामनाएं

दुर्ग। दुर्ग प्रवास पर पहुँचे राज्यपाल रमेन डेका से विधायक गजेंद्र यादव, महापौर श्रीमती अलका बाघमर, सभापति श्याम शर्मा ने भेंट कर उन्हें चैत्र नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस दौरान महापौर श्रीमती अलका बाघमार एवं सभापति श्याम शर्मा ने शहर क्षेत्र अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास हेतु भूमि लैंड को ग्रीनलैंड दर्शाना अर्थात प्रधानमंत्री आवास निर्माण की भूमि सहित अन्य चर्चा की गई। उन्होंने अनुरोध करते हुई बताया शहर क्षेत्र में अवैध नशाखोरी बहुत ज्यादा बढ़ गई है। शहर को नशा मुक्त कराने अनुरोध किया।

### समाज का वार्षिक सम्मेलन 13 को

दुर्ग। छत्तीसगढ़ निषाद केवट समाज दुर्ग जिला संगठन का वार्षिक सम्मेलन 13 अप्रैल को ग्राम मड़ियापार में आयोजित किया जाएगा । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ राज भूषण चौधरी निषाद केन्द्रीय जल शक्ति राज्यमंत्री होंगे। इसके अलावा प्रमुख अतिथि साध्वी निरंजन ज्योति पूर्व केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण, उद्योग ग्रामीण विकास राज्यमंत्री एवं विजय शर्मा उपमुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन करेंगे। अध्यक्षता छत्तीसगढ़ निषाद केवट समाज प्रदेश अध्यक्ष एवं गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद करेंगे। विशिष्ठ अतिथि नेहरू निषाद, एमआर निषाद, साजा विधायक ईश्वर साहू होंगे। जिला मिडिया प्रभारी व जिला युवा अध्यक्ष बिरेन्द्र कुमार निषाद ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं, शिक्षा, कला, खेलकूद, संगीत, साहित्य एवं अन्य विधाओं में समाज का नाम रोशन करने वाले समाज के प्रतिभाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायती राज स्थानीय निकायों में समाज के नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान किया जाएगा।

### खेलो इंडिया योजना अंतर्गत अस्मिता सिटी महिला लीग प्रतियोगिता संपन्न

दुर्ग। खेल एवं युवा कल्याण विभाग जिला दुर्ग द्वारा आयोजित खेलों इंडिया योजना अंतर्गत अस्मिता सिटी महिला लीग प्रतियोगिता खेल मैदान मर्रा पाटन में यह आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद सदस्य मर्रा श्रीमती दीपमाला विजय जैन, सरपंच ग्राम पंचायत मर्रा मुकेश देवांगन, उपसरपंच सौरभ कामडे, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहायक संचालक विलियम लकड़ा, विकाखण्ड क्रीडा अधिकारी श्रीमती सकिला देवदास, नोडल अधिकारी पाटन भरत लाल ताम्रकार, भूपेन्द्र हिरवानी, मास्टर वेटनर दुर्ग बीआर ने मां सरस्वती एवं हनुमान की छाया चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुभारंभ किया।

परेशानी : जिला पंचायत सदस्य पूजा व एसएमसी अध्यक्ष भूपत के नेतृत्व में सरपंचों ने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

# सांकरा ज हायर सेकंडरी स्कूल भवन जर्जर राशि स्वीकृत होने के बाद भी नहीं हुआ निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





ब्लाक के सांकरा ज हायर सेकेंडरी स्कूल के जर्जर हो चुके भवन को तोड़कर नया भवन बनाने और पूर्व में स्वीकृत हुए हो चुके कार्य को बहाल करते हुए काम शुरू करने की मांग को लेकर जिला पंचायत सदस्य पूजा वैभव साहू व शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष भूपत बघेल के नेतृत्व में आसपास के पंचायत के सरपंचों ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा है।

इस दौरान आसपास के पंचायत के सरपंच और उनके प्रतिनिधि भी इस मामले में एकजुट होते हुए ज्ञापन देने के लिए पहुंचे हुए थे। सभी ने सामूहिक हस्ताक्षर के साथ ज्ञापन देते हुए शासन प्रशासन को चेतावनी दी है कि अगर आने वाले सत्र के पहले नया भवन नहीं बना तो उग्र आंदोलन करेंगे। ज्ञापन मांग की गई कि बालोद ब्लाक सांकरा (ज.) में शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक शाला भवन का नवीनीकरण किया जाए। पूर्व में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राशि स्वीकृत किये जाने के बाद भी कार्य शुरू न होने के संबंध में बताया गया है। ज्ञात हो कि बालोद जिला के ब्लाक बालोद के ग्राम सांकरा (ज) में शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक शाला का भवन विगत 30 वर्ष पुराना है। जो पिछले करीब 15 वर्षों से जर्जर की स्थिति में है। जिसके संधारण व नवीन भवन के लिए शाला प्रबंधन समिति एवं समस्त ग्रामवासी कई बार शासन से मांग कर चुके है। पूर्व में ग्रामवासी द्वारा आंदोलन भी किया गया था। चूंकि ग्राम सांकरा (ज.) में आस-पास गांव के लगभग 450 विद्यार्थी अध्ययनरत है। जिनकी शिक्षा के लिए एकमात्र यह भवन है। जो कि आज की स्थिति में उपयोग करने के लिए उचित नहीं है। जिससे कई बार अनहोनी दुर्घटना घटित हो चुकी है। कई बार स्कूल भवन के छत का प्लास्टर व मलबा गिर चुका है। पूर्व सरकार द्वारा 15 मई 2023 को लोक निर्माण विभाग बालोद संभाग बालोद द्वारा राशि स्वीकृति 121.16 लाख नवीन हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन निर्माण हेतु स्वीकृति दी गई थी।

### दलगत राजनीति से ऊपर उठकर भवन निर्माण के लिए एकजुट होने की अपील

सरपंचों सहित शाला प्रबंधन समिति के लोगों ने वर्तमान में पढ़ रहे बच्चों के पालकों और अन्य ग्रामीणों से भी अपील की है कि दलगत राजनीति से ऊपर उठकर शाला भवन के जल्द निर्माण को लेकर सभी को एकजुट होना होगा। सरपंचों ने कहा दलगत राजनीति से ऊपर उठकर शिक्षा के मंदिर को बचाने के लिए सबको आगे आना चाहिए। वहां आस पास के 7 गांवों के बच्चे पढ़ने आते हैं। वाली पीढ़ी के लिए सोचिए? आने वाले सत्र तक अगर वहां भवन बन जाता है तो हमारे आने वाली पीढ़ी/ बच्चों को लाभ मिलेगा। वरना जर्जर भवन में बच्चों को बैठना तो बंद करवा ही दिया गया है,कब तक आखिर मिडिल और प्राइमरी स्कूल के (उधारी के भवन) में 9वी से 12वीं की कक्षा लगेगी। इस पर गंभीरता से विचार करें। जिला शिक्षा अधिकारी भी खुद भवन देखकर उसे खाली करवा चुके हैं।

### कॉलेज की भी उठने लगी मांग

वहीं, कुछ लोगों का आरोप है कि दलगत राजनीति के चलते गांव में आज तक कॉलेज नहीं खुल पाया। आज भी क्षेत्र के बच्चों को अपने गांव से करीब 15 किलोमीटर दूर बालोद कॉलेज या फिर 20 किलोमीटर दूर अर्जुंदा कॉलेज में अध्ययन के लिए जाना पड़ता है। 12वीं के बाद पढ़ाई करना क्षेत्र के बच्चों के लिए मुश्किल भरा सफर हो जाता है। स्कूल और कॉलेज के मामले में सबको मिलकर हमें हमारे बच्चों के लिए स्कूल भवन बनवाने और आगे चलकर यहां कॉलेज खुलवाने को लेकर जारी अभियान का हिस्सा बनने की अपील सरपंचों ने की है।

### डीईओ ने माना भवन बैठने लायक नहीं

विगत जनवरी 2025 को बालोद जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जब शाला भवन का निरीक्षण किया गया तब उनके आदेशानुसार बच्चों को मिडिल एवं प्राथमिक शाला में शिक्षा हेतु स्थानांतरित किया गया। क्योंकि यह भवन किसी भी रूप से उपयोग में नहीं लाया जा सकता है। अन्य शाला भवन में उच्चत्तर माध्यमिक शाला के छात्र-छात्राओं के बैठने से स्थान संबंधी कठिनाई हो रही है। उपरोक्त गंभीर विषय की जानकारी जिले के समस्त उच्च अधिकारियों को ज्ञात है। परंतु आज पर्यंत तक भी किसी प्रकार का नवीन भवन निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है। न ही किसी प्रकार का कोई संधारण कार्य किया गया। जिसके कारण पूर्व की दुर्घटना की आशंका आज भी बनी हुई है। इस संबंध में शाला प्रबंधन समिति द्वारा मुख्यमंत्री जनदर्शन एवं कलेक्टर जनदर्शन में भी आवेदन दे चुके हैं। इसके बावजूद आज तक कोई भी पहल नहीं हुई है। ज्ञापन सौंपने वाले में प्रमुख रूप से जिला पंचायत सदस्य पूजा साहू, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष भूपत बघेल, सांकरा ज की सरपंच लता चुरेंद्र, दरबारी नवागांव के सरपंच गिरीश निर्मलकर, डेंगरापार की सरपंच पूर्णिमा आमले, घनश्याम आमले, नारद चुरेंद्र, जिला पंचायत सदस्य पूजा साहू की मीडिया प्रभारी माधुरी दीपक यादव सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# गुंडरदेही विकासखंड के अनेक गांवों में पहुंचे सीईओ, योजनाओं की जमीनी हकीकत देखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने गुण्डरदेही विकासखण्ड की विभिन्न ग्राम पंचायतों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान डॉ. कन्नौजे ने हितग्राहियों से बातचीत करते हुए शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति का जायजा लिया।

- ग्राम पंचायत चिरचार व उसके आश्रित ग्राम बम्हनी में पीएम आवास के हितग्राहियों से की मुलाकात


सीईओ डॉ. कन्नौजे ने गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम पंचायत चिरचार के आश्रित ग्राम बम्हनी के प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही उमाकांत साहू, पुनउराम, लीलाबाई, ग्राम पंचायत भरदाकला के हितग्राही कुशल, कुन्ती बाई संतराम, परमानंद, चन्द्रबाई, जोतकुवर, टेगसिंग, भुवनेश्वर तथा ग्राम पंचायत गब्दी के हितग्राही रतीराम, राजकुमार एवं सुरेशकुमार के निर्माणाधीन आवासों में पहुँचकर आवास निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने हितग्राहियों से बातचीत कर उन्हें आवास निर्माण तथा शासन की अन्य योजनाओं के तहत मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को हितग्राहियों के समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। सीईओ डॉ. कन्नौजे ने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि जिन ग्राम पंचायतों के आवास निर्माण कार्य धीमी है, वहां के निर्वाचित सरपंच, पंच, अन्य जनप्रतिनिधियो तथा हितग्राहियों से समन्वय स्थापित कर आवास निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। सीईओ डॉ संजय कन्नौजे ने जिला खनिज संस्थान न्यास निधि (डीएमएफ) के अंतर्गत स्वीकृत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भरदाकला में अतिरिक्त कक्ष निर्माण का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य को पूरी गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश भी दिए। साथ ही ग्राम पंचायत भरदाकला एवं चिरचार में कचरा संग्रहण शेड का निरीक्षण कर कचरा संग्रहण करने वाली स्वच्छता ग्राहियों को समय पर मानदेय उपलब्ध कराने, सेग्रीगेशन शेड में पंजी संधारण करने तथा संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंचों को कचरा कलेक्शन के एवज में यूजर चार्ज लगाने के निर्देश दिए।

### अधिकारियों की बैठक लेकर दिए दिशानिर्देश

सीईओ ने मनरेगा अंतर्गत ग्राम पंचायत चिरचार में निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवन का निरीक्षण करते हुए निर्धारित समय-सीमा में निर्माण कार्य को पूर्ण कराने के निर्देश भी दिए। इसके साथ ही ग्राम पंचायत चिरचार के निजी डबरी के लाभार्थी परस राम निषाद से चर्चा की। साथ ही सीईओ डॉ. कन्नौजे ने एसडीएम, तहसीलदार, सीईओ जनपद पंचायत, एसडीओ आरईएस, कार्यक्रम अधिकारी, मनरेगा, विकासखण्ड समन्वयक एवं तकनीकी सहायक की बैठक ली। उन्होंने बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत पात्र भूमिहीन परिवारों को नियमानुसार भूमि चिन्हांकित कर यथाशीघ्र आवास की स्वीकृति प्रदान करने निर्देश दिए।

# भगवान श्री कृष्ण के जन्म पर झूम उठे श्रद्धालु





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के गुण्डरदेही ब्लाक के ग्राम कमरौद में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह कथा के चौथे दिन बुधवार को पंडित लोकेश शर्मा ने व्यास पीठ से कृष्ण जन्मोत्सव की कथा विस्तार से बताया।

कथा के दौरान कृष्ण जन्म का प्रसंग आया और कथा पंडाल में भगवान कृष्ण, वासुदेव मथुरा से गोकुल पहुंचने का अभिनय करते हुए मंच की ओर बढ़ने लगे वैसे ही पूरा पंडाल जयकारा से गुंजने लगा। मुख्य यजमान और सह यजमानों ने भगवान कृष्ण व वासूदेव की अगवानी करते हुए कथा मंच पर ले गए। कृष्ण जन्मोत्सव का गीत कथा वाचक ने नंद के आनंद भयो,जय कन्हैया लाल की भजन प्रस्तुत किया तो बड़ी संख्या में श्रद्धालु झूम झूम कर नाचने लगे। पूरा कथा पंडाल भक्तिभाव से गोकुल नजर आने लगा।इस अवसर पर कृष्ण जन्म की बधाई दी गई। कथा वाचक पंडित लोकेश शर्मा ने कहा कि द्वापर युग में भाद्रपद कृष्ण अष्टमी तिथि की आधी रात को मथुरा के कारागार में वासुदेव की पत्नी देवकी के गर्भ से भगवान श्रीकृष्ण ने जन्म लिया था। श्रीकृष्ण ने बुधवार को रोहिणी नक्षत्र में जन्म लिया था. अष्टमी तिथि को रात्रिकाल अवतार लेने का प्रमुख कारण उनका चंद्रवंशी होना बताया जाता है, श्रीकृष्ण चंद्रवंशी, चंद्रदेव उनके पूर्वज और बुध चंद्रमा के पुत्र हैं। इसी कारण चंद्रवंश में पुत्रवत जन्म लेने के लिए कृष्ण ने बुधवार का दिन चुना। भगवान कृष्ण ने माता देवकी के आठवें संतान के रूप में जन्म लिया था। कृष्णजी का जन्म मथुरा में मामा कंस के कारागार में हुआ था। माता देवकी राजा कंस की बहन थी। इसीलिए भाद्रपद कृष्ण अष्टमी तिथि को भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया जाता है।

### सत्ता का लालची था कंस

पंडित लोकेश शर्मा ने कहा कि कंस को सत्ता का लालच था। उसने अपने पिता राजा उग्रसेन की राजगद्दी छीनकर उन्हें जेल में बंद कर दिया था और स्वयं को मथुरा का राजा घोषित कर दिया था। राजा कंस अपनी बहन देवकी से बहुत प्रेम करता था। उन्होंने अपनी बहन का विवाह वासुदेव से कराया था, लेकिन जब वह देवकी को विदा कर रहा था। तभी एक आकाशवाणी हुई कि देवकी का आठवां पुत्र कंस की मौत का कारण बनेगा। यह सुनकर कंस डर गया, उसने तुरंत अपनी बहन और उनके पति वासुदेव को जेल में बंद कर दिया। उनके आस पास सैनिकों की कड़ी पहरेदारी लगा दी। कंस अपनी मौत के डर से देवकी और वासुदेव की 7 संतानों को मार चुका था। भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को रोहिणी नक्षत्र की अंधेरी रात में भगवान कृष्ण ने देवकी के आठवें संतान के रूप में जन्म लिया। कथा दौरान बड़ी सख्या में ग्रामीण महिलाएं पुरुष व बच्चे शामिल रहे।

नशामुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र पहुंचे कलेक्टर ने दी समझाइश

# मनुष्य का जीवन दुर्लभ व अनमोल है नशा करके इसे बर्बाद न करें : चंद्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि मनुष्य का जीवन दुर्लभ, अनमोल एवं बेशकीमती है। उन्होंने नशापान से ग्रसित लोगों को नशे की अभिशाप से मुक्त होकर अपने परिवार एवं समाज के विकास में महत्वपूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा।

चन्द्रवाल बुधवार को जिला मुख्यालय बालोद के वार्ड नंबर 20 पाररास में स्थित नशामुक्ति एवं पुनर्वास केन्द्र में पहुँचकर नशापान से छुटकारा पाने के लिए लोगों को समझाईश दे रहे थे। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक एसआर भगत ने अधिकारियों के साथ पाररास पहुँचकर नशामुक्ति एवं पुनर्वास केन्द्र की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस दौरान जनसंपर्क अधिकारी चन्द्रेश कुमार ठाकुर एवं समाज कल्याण विभाग के उप संचालक अजय गेडाम भी उपस्थित थे। इस अवसर पर कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने नशामुक्ति एवं पुनर्वास केन्द्र में भर्ती लोगों को नशापान के दुष्प्रभावों के संबंध में जानकारी देते हुए उन्हें नशापान से दूर रहकर नए जीवन के शुरूआत करने की सीख भी दी। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि नशापान करना मानव जीवन के लिए सबसे बड़ा शत्रु एवं उसके प्रगति में सबसे बड़ा बाधक है। श्री चन्द्रवाल ने कहा कि नशापान से नशेड़ी व्यक्ति के पतन होने के साथ-साथ उनके परिवार में भी हमेशा अशांति एवं कलह बना रहता है। उन्होंने कहा कि नशापान से व्यक्ति का शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक, चारित्रिक, नैतिक सभी प्रकार के पतन होने के साथ-साथ आर्थिक क्षति एवं सामाजिक प्रतिष्ठा भी धूमिल होती है। इसके अलावा इसकी कीमत नशापान करने वाले व्यक्ति के अलावा उसके परिवार, आसपास के लोगों तथा संपूर्ण समाज को भी चुकानी पड़ती है। इसलिए पूरे समाज को नशे के अभिशाप से मुक्त होकर अपने ऊर्जा का उपयोग स्वयं के अलावा अपने परिवार, समाज तथा राष्ट्र के हित में लगाना चाहिए। पुलिस अधीक्षक एसआर भगत ने नशामुक्ति एवं पुनर्वास केन्द्र में भर्ती लोगों को समझाईश देते हुए कहा कि मनुष्य का जीवन बहुमूल्य एवं अत्यंत सुंदर है। इसलिए हम सभी को नशे में रत रहकर अपने कीमती जीवन को बर्बाद नहीं करना चाहिए। इस अवसर पर जनसंपर्क अधिकारी चन्द्रेश ठाकुर ने भी नशापान मुक्ति केन्द्र में भर्ती लोगों को नशापान के दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए अपनी ऊर्जा का उपयोग रचनात्मक कार्यों में करने को कहा।

### कलेक्टर ने व्यवस्थाओं की ली जानकारी

इस अवसर पर कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने नशामुक्ति एवं पुनर्वास केन्द्र के विभिन्न कक्षों के अलावा शयन एवं रसोई कक्ष में पहुँचकर वहाँ की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। चन्द्रवाल ने नशामुक्ति एवं पुनर्वास केन्द्र के प्रबंधक से यहाँ के गतिविधियों एवं व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इसके अंतर्गत उन्होंने नशामुक्ति एवं पुनर्वास केन्द्र के कुल कमरे, भोजन एवं मनोरंजन की व्यवस्था के अलावा यहाँ के अन्य गतिविधियों के संबंध में भी जानकारी ली। मौके पर उपस्थित समाज कल्याण विभाग के उप संचालक ने बताया कि इस नशामुक्ति एवं पुनर्वास केन्द्र का संचालन समता जनकल्याण समिति राजनांदगांव द्वारा किया जा रहा है।

### अब नहीं करेंगे नशा

इस नशामुक्ति एवं पुनर्वास केन्द्र में बालोद जिले के अलावा रायपुर सहित राज्य के अन्य स्थानों से भी लोग नशा से छुटकारा पाने के लिए भर्ती हुए हैं। इस मौके पर कलेक्टर चन्द्रवाल ने नशामुक्ति एवं पुनर्वास केन्द्र में भर्ती लोगों से बातचीत कर उनके निवास स्थान तथा उनके द्वारा पूर्व में किए जाने वाले नशा आदि के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि अब वे नशापान नहीं करेंगे तथा नशापान से दूर रहकर जीवन की नई पारी की शुरूआत करने की बात कही।

# भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में शामिल विद्यार्थी सम्मानित



डौंडीलोहारा। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में जिला स्तरीय सम्मान समारोह में सम्मानित शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय भीमाटोला संकुल केंद्र रेंगाडबरी कक्षा छठवीं के छात्र वासु पिता पल्टन निषाद के साथ ही छठवीं से आठवीं तक के कुल 53 छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रधान पाठक विशेसर आर्य, देवराज ठाकुर, शिक्षक हिमांशु ठाकुर, रुस्तमदास साहू, पीलूराम साहू ने सभी बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# संजारी में श्री शिवपुराण कथा जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

ग्राम संजारी में संगीतमय श्री शिवपुराण कथा ज्ञान यज्ञ 29 मार्च से 6 अप्रैल तक प्रतिदिन दोपहर 12:00 से 4:00 तक आयोजित की जा रही है। आयोजकों ने बताया कि आचार्य संदीप द्विवेदी बेरला वाले कथावाचन कर रहे हैं। उन्होंने बुधवार को सृष्टि वर्णन एवं शिव उत्पत्ति की कथा सुनाई। 3 अप्रैल सती चरित्र एवं शिव पार्वती विवाह, 4 अप्रैल को कार्तिक एवं गणेश जन्म कथा, 5 अप्रैल को द्वादश ज्योतिर्लिंग कथा, शिवरात्रि नवमहिमा एवं चढ़ौत्री होगी। वहीं, 6 अप्रैल को कथा-बेलपत्र वर्षा, हवन पूर्णाहूति एवं भंडारा का कार्यक्रम होगा। आयोजकों ने बताया कि 5अप्रैल तक प्रतिदिन बारह ज्योर्तिलिंग से सिद्ध किया गया रुद्राक्ष का वितरण किया जा रहा है।



## खबर संक्षेप



### भर्रीटोला 36 में खुला प्याऊ घर

**डौंडी।** ग्राम पंचायत भर्रीटोला 36 में बढ़ती गर्मी के कारण राहगीरों एवं यात्रियों के लिए सार्वजनिक प्याऊ घर का उद्घाटन किया गया। ग्राम सभा अध्यक्ष कालिन बाई मेरिया, सीताराम कोरेटी पूर्व जनपद सदस्य सरपंच रेवा रावते, उपसरपंच अग्रेश्वर कृपाल, पंच शंकर नेताम, धनेश भूआर्य, माधुरी राणा, शीतला समिति अध्यक्ष संता गौर, महेंद्र सोनबोईर (व्यापारी संघ) मुरलीधर गौतम, गजेंद्र धनेश्री, गजेश सांवरे, राजेंद्र गवर्नर, जितेश्वरी मलाराया, संध्या बघेल, इंद्राणी साहू, राजेश्वरी आदिल, भगवती चिंदा, देविका भूआर्य एवं रोजगार सहायक विजय बघेल एवं पंचायत कर्मचारी लखन वैष्णव एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### हत्या की नियत से सात माले से फेंकना वाला पकड़ाया

**भिलाई।** हत्यी नियत से सात माले से फेंकने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने 109(1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि मोहन नगर निवासी भानू ठाकुर ने शिकायत किया कि भाई धनेश्वर ठाकुर ने बताया कि 30 मार्च को कैलाश नगर दुर्ग निवासी तुषार दास मानिकपुरी अपनी बहन के साथ इसके भाई पर शंका करता था। तुषार ने साकेत कालोनी दुर्ग कातुलबोर्ड और निर्माणाधीन फ्लैट में पीड़ित को लेकर हगया। चाकू दिखाकर उसके साथ हाथ मुक्का से मारपीट कर पीडित की हत्या करने के नीयत से 7 माला से नीचे फेंक दिया। जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। आरोपी तुषार दास मानिकपुरी की तलाश में पुलिस जुटी रही। सूचना पर उसे गिरफ्तार किया गया। तुषार से पूछताछ करने पर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया।

### डिजिटल अरेस्ट का झांसा देकर लाखों रुपए की ठगी तीन आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई।** डिजिटल अरेस्ट का झांसा देकर पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा धारा 318(4), 336(3), 338, 340(2), 61(2) बीएनएस. एवं 66 डी आईटी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। खुलासा करते हुए एसपी जितेन्द्र शुक्ला और एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि 178 सी रुआंबन्धा सेक्टर भिलाई नगर निवासी इंद्रप्रकाश कश्यप के साथ मोबाईल नंबर धारक द्वारा खुद को टीआरएआई (ट्राई) बनकर काल किया। उसने झांसा दिया कि आधार कार्ड से क्राइम हुआ है। इसके एवज में 49,01,196 रुपये जमा कराने के नाम पर ठगी किया। शिकायत के बाद पुलिस आपरोपियों की पतासाजी में भिलाई तीन टीआई महेश ध्रुव व एसीसीयू की टीम जुटी रही। जांच में पता चला कि बैंक से आरोपियों जानकारी मिली कि पीड़ित के साथ ठगी की रकम आईसीआईसीआई बैंक के खाता क्रसं भाजीनगर महाराष्ट्र के उक्त खाता मे ट्रांसफर हुआ है।

**दौरा :** जिले के दो दिवसीय प्रवास के अंतिम दिन गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम सिकोसा पहुंचे

# राज्यपाल ने पीएम आवास का किया अवलोकन हितग्राहियों से भेंटकर उनका हालचाल जाना





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

राज्यपाल रमेन डेका बालोद जिले में अपने दो दिवसीय प्रवास के अंतिम दिन गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम सिकोसा पहुँचे। वहां उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत नवनिर्मित आवासों का अवलोकन किया।

इस अवसर पर राज्यपाल डेका प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के फलस्वरूप समाज के गरीब एवं जरूरतमंद लोगों के लिए बेहतर आवास का निर्माण होने पर प्रसन्नता व्यक्त की। इस दौरान ग्राम सिकोसा के प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभान्वित हितग्राही कमलेश साहू एवं बोधीराम तथा उनके परिजनों से मुलाकात कर उनका हालचाल भी पूछा। श्री डेका ने इन दोनों हितग्राहियों से प्रधानमंत्री आवास योजना के अलावा शासन के अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से उन्हें मिल रहे लाभ के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान राज्यपाल डेका ने प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को उपहार भेंटकर उन्हें नए आवास के सौगात मिलने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी।

### राज्यपाल के आगमन को लेकर ग्रामीणों में दिखी उत्सुकता



ग्राम सिकोसा में राज्यपाल रमेन डेका के आगमन को लेकर प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों के साथ-साथ ग्रामीणों में भी बड़ी उत्सुकता देखने को मिली। राज्यपाल के अपने गांव में आगमन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए ग्रामीणों ने कहा कि राज्य के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर विराजमान व्यक्ति का अपने गांव में उपस्थित होना हम सभी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण क्षण है। उन्होंने कहा कि राज्यपाल रमेन डेका बालोद जिले में शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित हितग्राहियों से सीधे मुलाकात कर उनके वास्तविक स्थिति का पड़ताल करने वाले पहले राज्यपाल हैं। ग्रामीणों ने कहा कि राज्यपाल श्री डेका अपने प्रवास के दौरान समाज के जरूरतमंद एवं अंतिम पंक्ति के लोगों से मुलाकात कर धरातल पर शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की वास्तविक स्थिति का पड़ताल करने का अभिनव प्रयास कर रहे हैं, वह वास्तव में काबिले-तारीफ है।

### मां गंगा मैय्या मंदिर पहुंचे राज्यपाल रमेन डेका, पूजा कर लिया आशीर्वाद





**बालोद।** राज्यपाल रमेन डेका ने बालोद जिले प्रवास के दौरान जिला मुख्यालय बालोद के समीपस्थ ग्राम झलमला स्थित माँ गंगा मैय्या मंदिर में पूजा-अर्चना कर छत्तीसगढ़ राज्य की सुख, समृद्धि की कामना की। इस दौरान डेका ने गंगा मैय्या मंदिर के संचालन समिति के प्रतिनिधियों एवं पूजारियों से बातचीत कर मंदिर के संचालन व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। इस मौके पर कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, पुलिस अधीक्षक एसआर भगत, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, एसडीएम सुरेश साहू सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

### राज्यपाल ने जनप्रतिनिधियों से की मुलाकात



**बालोद।** राज्यपाल रमेन डेका ने बालोद जिले के प्रवास के दौरान सुबह जिले के वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों से मुलाकात कर जिले में संचालित विभिन्न विकास कार्यों एवं अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की।

इस अवसर पर जिले के जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने राज्यपाल रमेन डेका के बालोद जिले के आगमन पर उनका स्वागत एवं अभिनंदन भी किया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, उपाध्यक्ष कमलेश सोनी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू, राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि चेमन देशमुख, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा, पवन साहू, केसी पवार, अमित चोपड़ा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

### राज्यपाल से जिपं अध्यक्ष तारणी व जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन ने की भेंट



**बालोद।** राज्यपाल रेमन डेका के बालोद प्रवास के दौरान अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद तारणी पुष्पेंद्र चन्द्राकर एवं अध्यक्ष भाजपा जिला बालोद चेमन देशमुख के साथ भाजपा के कार्यकर्ताओं ने भेंट कर चैत्र नवरात्रि की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान केन्द्र सरकार की योजना, विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई।

# पंचमी पर सियादेवी मंदिर में उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद






जिले के प्रमुख प्रसिद्ध मंदिरों में शामिल ग्राम नारागाँव स्थित सियादेवी मंदिर जो एक दार्शनिक व पर्यटक स्थल के रूप में प्रसिद्ध है। वहां नवरात्रि के चौथे दिन पंचमी मनाई गई। जहाँ श्रद्धालुओं की भीड़ माताजी की दर्शन व मथा टेक आशीर्वाद के लिए लगी रही है। वहीं, मंदिर प्रांगण में उमड़ी जल सैलाब के कारण पार्किंग में वाहनों की लम्बी कतार भी देखने को मिला।

ग्राम नारागाँव के जंगल में स्थित सियादेवी का मंदिर विराजमान है, यह सियादेवी का मंदिर दार्शनिक स्थल के साथ पर्यटक स्थल के लिए प्रसिद्ध है, जहाँ चैत्र नवरात्रि के चौथे दिन श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। इससे मेले जैसी स्थिति बनी रही। वहीं, नारियल विक्रेताओं के साथ ही बड़ी संख्या में अन्य दुकानें लगी हुई हैं। पंचमी पर्व के अवसर पर माताजी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लम्बी कतार लगी रही। सियादेवी मंदिर प्रांगण में चैत्र नवरात्रि के अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना की गई है। तेल ज्योति की संख्या 229 और घी ज्योति की संख्या 64 है। इस तरह कुल 293 ज्योति कलश आस्था के रूप में प्रज्ज्वलित की गई है। मंदिर परिसर में पंचमी के अवसर पर सभी श्रद्धालुओं के लिए भोजन की व्यवस्था की गई थी। प्रबंधक भारत साहू ने बताया कि मंदिर परिसर में रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है।

### नवरात्रि पर प्रतिदिन वितरित की जा रही निःशुल्क महाप्रसादी




**बालोद।** चैत्र नवरात्रि के अवसर पर आंजनेय नन्दन सर्व सिद्ध हनुमान मंदिर सेवा समिति बेलमांड द्वारा आयोजित निःशुल्क महाप्रसादी सेवा का आयोजन किया जा रहा है। यहां प्रतिदिन प्रसाद पाने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है। पंचमी तिथि को 2 हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं ने महाप्रसादी ग्रहण किया। महाप्रसादी वितरण के अवसर पर आंजनेय नन्दन सर्व सिद्ध हनुमान मंदिर सेवा समिति बेलमांड के सेवाधारी पदाधिकारीगण, सदस्यों के अलावा निःशुल्क सेवा प्रदान करने के लिए महिलाओं और भगवद भक्तजनों के साथ बड़ी संख्या में श्रम साधक पहुंच रहे हैं। समिति के अध्यक्ष डॉ पुरुषोत्तम सिंह राजपूत, दयालु राम चिराम, रमेश रावते, पुष्कर सिंह राजपूत, नरोत्तम साहू, मुरलीधर साहू, ऋषि कुमार, नंदकिशोर, प्रमोद साहू योगेश्वर यादव सहित अनेक लोग सेवा दे रहे हैं।

# आंगनबाड़ी व स्कूलों का समय बदला

## बढ़ती गर्मी को देखते हुए शासन ने लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- इस बीच मौसम बदला, तापमान में आई गिरावट





जिले में अचानक मौसम परिवर्तन होने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई और लोगों को तपती गर्मी से राहत मिली है। हालांकि बीते कुछ दिनों से दिन का तापमान 38 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका था, जिसके कारण स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्रों में पढ़ने वाले नौनिहालों बच्चों का समय परिवर्तित करने की मांग की जा रही थी। इसे देखते हुए अप्रैल महीने की शुरुआत के साथ ही स्कूल और आंगनबाड़ी के खोलने के समय मेंबदलाव किया गया है।

अप्रैल के महीने के साथ ही गर्मी अपना तीखा तेवर दिखाती है और तापमान में लगातार बढोत्तरी देखने को मिलती है लेकिन इस बार अप्रैल महीने के शुरुआती दिनों में इसके विपरीत नजारा देखने को मिला जहाँ सुबह से ही आसमान में हल्के काले बादल मंडराने लगे हैं जिसके कारण सूर्य बादलों के बीच में छुपा नजर आ रहा था जिसके कारण तापमान में भी गिरावट देखने को मिला।

आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन सुबह 9:30 बजे से दोपहर 3:30 बजे तक हो रहा था जिसका टाइमटेबल बदलकर 1 अप्रैल से सुबह संचालित किया जा रहा है। अब आँगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन सुबह 7 बजे से 11 बजे तक कर दिया गया है। वहीं, प्राथमिक स्कूलों में पढ़ने वाले छोटे बच्चों का भी समय परिवर्तित कर सुबह 7:30 बजे से 11:30 बजे कर दिया गया है, जिससे अब छोटे बच्चों को तपती गर्मी से राहत मिल रही है।

### रबर फैक्ट्री के कुंए में सुरक्षा कर्मी गिरा, मौत

**भिलाई।** रबर फैक्ट्री के भीतर गहरे कुंए में सुरक्षा कर्मी की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। घटना जामुल थाना क्षेत्र की है। सूचना पर पुलिस ने शव को क्रेन से बाहर निकाला है। जामुल पुलिस ने बताया कि ऊषा रबर फैक्ट्री में जामुल निवासी उपेन्द्र सिंह 65 वर्ष का वृद्ध सुरक्षा गार्ड की नौकरी करता था। सोमवार की शाम को नाइट ड्यूटी के लिए घर से निकला। सुबह तक घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने खोजबीन शुरु किया। फैक्ट्री में सुरक्षा कर्मी नहीं था खोजबीन शुरू होने पर कुंए में एक की लाश दिखाई दे रही थी।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

**कार्यक्रम में जिपं अध्यक्ष तारणी चंद्राकर हुईं शामिल**

# भर्रीगांव में धूमधाम से मनाई गई मां कर्मा जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर





विकासखंड अंतर्गत ग्राम भर्रीगांव में मां कर्मा जयंती समारोह मनाई गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर थीं, अध्यक्षता पूर्व विधायक एवं अखिल भारतीय तैलिक साहू ने की।

विशिष्ट अतिथि महासभा के सदस्य प्रीतम साहू, विशिष्ट अतिथि साहू समाज के प्रदेश महामंत्री हलधर साहू, तहसील अध्यक्ष महेंद्र साहू, जनपद अध्यक्ष सुनीता साहू, जिला पंचायत सदस्य तेजराम साहू, जनपद उपाध्यक्ष दुर्गानंद साहू सहित समाज के लोग शामिल हुए। इस अवसर पर उपस्थित साहू समाज के लोगों को संबोधित करते हुए तारणी चंद्राकर ने कहा कि साहू समाज के लोगों का सौभाग्य है, जो उनका जन्म कृष्ण भक्त माता कर्मा के कुल में हुआ है। यह कर्मा माता का ही पुण्य प्रताप है कि आज साहू समाज समृद्धिशाली है और समाज ही नहीं अपितु छत्तीसगढ़ प्रदेश और देश की तरक्की में भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। पूर्व विधायक प्रीतम साहू ने कहा कि भगवान अमीर या गरीब के नहीं होते, वह तो सिर्फ सच्चे भक्त के होते हैं। यहां तो लोग भगवान के लिए छप्पन भोग चढ़ाते हैं पर भगवान उसी का भोग ग्रहण करता है जो उनका सच्चा भक्त होता है। इसका उदाहरण साक्षात माता कर्मा हैं। माता कर्मा भूखी ना रहे इसलिए स्वयं श्री कृष्ण उनके हाथों से बनी खिचड़ी ग्रहण करने आ जाते हैं। भक्तों को भगवान कभी भूखा नहीं रहने देते।

### समाज की प्रतिभाओं का किया गया सम्मान

साहू समाज के प्रदेश महामंत्री हलधर साहू ने कहा कि कुरीतियों को त्याग कर साहू समाज ने एक मिसाल कायम किया है। साहू समाज का जो सामूहिक विवाह कार्यक्रम है वह देश के लिए आदर्श है। ऐसा कोई सामाजिक मंच नहीं होता जहां साहू समाज का उल्लेख नहीं होता। कार्यक्रम के दौरान अनेक प्रतिभाओं को समाज द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। इस दौरान मुख्य रूप से आरडी साहू, खेदूराम साहू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मीना सत्येंद्र साहू, तेजराम साहू, हेमंत साहू, प्रमिला साहू, होरीलाल साहू, मुकेश साहू, भगवानी साहू सहित समाज के पदाधिकारियों व ग्रामीण उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
27 अप्रैल, 03 मई, 12 मई,16 मई, 23 मई, 02 जून, 15 जून 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411